सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

पीठासीन अधिकारीः– श्री प्रमोद कुमार सिंधव (आरएएस)

निर्णय

प्रकरण सख्या : 19/2019
बउनवानः–

सरकार जर्ये लैण्ड होल्डर तहसीलदार मांगरोल

....प्रार्थी

♠ बनाम ♠

भैरू पुत्र प्रभु कोम धाकड निवासी बमोरीकलां तह0 मांगरोल जिला बारां

....अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956

दायरा दिनांकः 13.02.2019 निर्णय दिनांक : 13.02.2019

पटवारी हल्का बमोरीकलां, भू अभिलेख निरीक्षक एवं तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) के जर्ये प्रार्थना पत्र अन्तर्गत राजस्थान लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 की धारा 136 के तहत इस आशय का प्राप्त हुआ है कि ग्राम बमोरीकलां का खसरा नं0 1126/2066 रकबा 0.05 है0 वर्तमान राजस्व रेकार्ड जमाबंदी सम्वत 2073–76 में मौजूद नही है जबकि नक्शे लट्ठे में मौजूद है।

सेटलमेंट जमाबंदी सम्वत 2044–63 के मिलान क्षेत्रफल के अनुसार खसरा नं0 1126/2066 रकबा 0.05 है0 और खसरा इंडेक्स के खाता संख्या 214 में उक्त खसरा नं0 26/2066 दर्ज है। सेटलमेंट जमाबंदी सम्वत 2044–63 के खाता संख्या 214 खसरा नं0 1462 रकबा 0.80 है0, खसरा नं0 1463 रकबा 0.13 है0, खसरा नं0 26/2066 रकबा 0.05 है0 किता 3 रकबा 0.98 है0 भैरू पुत्र प्रभु जाति धाकड सा0 देह दर्ज है। सेटलमेंट जमाबंदी के खाता संख्या 214 में खसरा नं0 1126/2066 रकबा 0.05 है0 के स्थान पर सहवन से खसरा नं0 26/2066 रकबा 0.05 है0 दर्ज हो गया था जिससे सन 1999–2000 में ग्राम बमोरीकलां में हुये केचमेंट के दौरान खसरा नं0 26/2066 रकबा 0.05 है0 का केचमेंट हो गया और जिसका नया खसरा नं0 2213/2314 रकबा 0.05 है0 बना जबकि वास्तविक खसरा नं0 1126/2066 रकबा 0.05 है0 दर्ज था जिस पर केचमेंट नही हुआ है। खाते में सहवन से दर्ज खसरा नं0 26/2066 रकबा 0.05 है0 को केचमेंट में दर्शाया गया है। और उसकी ऐवज में काश्तकार को रकबा भी दिया जा चुका है। फर्द इख्तालाफ केचमेंट ब्लॉक बमोरीकलां वर्ष 1999–2000 ग्राम बमोरीकलां की कम संख्या 33 के अनुसार भैरू पुत्र प्रभु जाति धाकड सा0 देह को खसरा नं0 26/2066 रकबा 0.05 है0 के एवज में नवीन खसरा नं0 2213/2314 रकबा 0.05 है0 दे दिया गया है। और खसरा नं0 2213/2314 केचमेंट के दौरान बनाये गये नये नक्शे

01\. काश्तकार भैरू पुत्र प्रभु के रकबे में कोई कमी नही हुई है। अतः खसरा नं0 1126/2066 रकबा 0.05 है0 को वर्तमान में जमाबंदी सिवायचक भूमि के रूप में जोडना उचित होगा।

02\. सेटलमेंट जमाबंदी सम्वत 2044–63 के अनुसार खसरा नं0 1274 रकबा 0.03 है0 नारायणी पुत्र चतरा जाति धाकड सा0 देह के खाते दर्ज है जो कि वर्तमान जमाबंदी में मौजूद नही है। जबकि राजस्व रेकार्ड नक्शे लट्ठे में खसरा नं0 1274 मौजूद है इसलिए खसरा नं0 1274 रकबा 0.03 है0 को वर्तमान जमाबंदी में जोडना उचित होगा।

03\. खसरा नं0 665 रकबा 3.17 है0 सेटलमेंट में से नामा0 सं0 110 से 0.40 है0 रकबे का धनराज पुत्र प्रहलाद जाति धाकड सा0 देह के नाम गैर खातेदारी का नामा0 स्वीकृत किया गया। नामा0 संख्या 405 से 0.40 है0 रकबे का ही उक्त काश्तकार के नाम खातेदारी का नामा0 स्वीकृत किया गया था। और जमाबंदी सम्वत 2061–64 में खसरा नं0 665/2450 रकबा 0.40 है0 ही धनराज पुत्र प्रहलाद जाति धाकड के नाम दर्ज था। परन्तु वर्तमान जमाबंदी सम्वत 2073–76 में सहवन से खसरा नं0 665/2450 का रकबा 0.48 है0 दर्ज है। जिससे उक्त खसरा नं0 में 0.08 है0 रकबा बेशी हो गया है। अतः खसरा नं0 665/2450 रकबा 0.48 है0 में से 0.08 है0 कम किया जाना चाहिए।

कम सं0 3 में खसरा नं0 665/2450 रकबा 0.48 है0 में से 0.08 है0 रकबा कम करने से ग्राम बमोरीकलां के चक में 0.08 है0 की आयी कमी को कम संख्या 1 व 2 के अनुसार खाता संख्या 1126/2066 रकबा 0.05 है0 और खाता संख्या 1274 रकबा 0.03 है0 जोडकर पूरा किया जा सकता है।

अतः इस प्रकार वर्तमान जमाबंदी में खसरा नं0 1126/2066 रकबा 0.05 है0 खाता सरकार एवं 1274 रकबा 0.03 है0 नारायणी पुत्र चतरा जाति धाकड सा0 बमोरीकला के नाम दर्ज करना उचित होगा तथा खाता संख्या 665/2450 का रकबा 0.48 है0 के स्थान पर 0.40 है0 दर्ज करना उचित होगा। जिससे सेटलमेंट जमाबंदी एवं राजस्व नक्शे में एक रूपता हो जावेगी।

उक्त प्रकार का प्रार्थना पत्र जर्ये लैण्ड होल्डर तहसीलदार मांगरोल द्वारा मय अनुशंषा प्राप्त होने पर प्रकरण दिनांक 13.02.2019 को दर्ज रजिस्टर किया गया।

प्रार्थना पत्र के समस्त सलंग्न दस्तावेजात 1– सेटलमेंट जमाबंदी सम्वत 2044–63 2– गत जमाबंदी सम्वत 2061–64 3– वर्तमान जमाबंदी सम्वत 2073–76 4– नामा सं0 110, 405 5– फर्द इख्तलाफ केचमेंट ब्लॉक बमोरीकलां वर्ष 1999–2000 6– नक्शा ट्रेस खसरा नं0 1126/2066, 1274, 2213/2314 की प्रमाणित प्रति की रोशनी में प्रकरण का भली प्रकार अध्ययन, अवलोकन एवं मनन के उपरान्त आदेश है कि ग्राम बमोरीकलां वर्तमान जमाबंदी में खसरा नं0 1126/2066 रकबा 0.05 है0 खाता सरकार एवं 1274 रकबा 0.03 है0 नारायणी पुत्र चतरा जाति धाकड सा0 बमोरीकला के नाम दर्ज किये

ाने के आदेश दिये जाते है तथा खाता संख्या 665/2450 का रकबा 0.48 है0 के स्थान पर 0.40 है0 दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार मांगरोल राजस्व रेकार्ड में अंकन कर पालना से अन्दर 15 योम में अवगत करावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर शुमार से कम होकर दाखिल दफ्तर होवे।

निर्णय आज दिनांक 13.02.2019 को सरेइजलास मजमेंआम में सुनाया गया।